Khaitan CHEMICALS AND FERTILIZERS LIMITED
CIN : L24219MP1982PLC004937
The B Zone, 7th Floor, Pipliya Kumar, Nipania Main Road, Indore - 453771 (M.P.)
Phone : 0731-4753666, E-mail : secretarial@kcfl.in, Website : www.kcfl.co.in

**December 17, 2025**

| | |
|---|---|
| To,<br>The Manager (DCS/Compliance)<br>BSE Limited,<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, MUMBAI- 400 001<br>**BSE Scrip Code: 507794** | To,<br>The Manager (Compliance/Listing)<br>National Stock Exchange of India Limited,<br>Exchange Plaza, Bandra-Kurla Complex,<br>Bandra (East), MUMBAI- 400 001<br>**NSE Symbol: KHAICHEM** |

**Sub: Newspaper Publication for Notice of 1st Extra Ordinary General Meeting of FY 2025-26 & E-voting.**

**Ref: Disclosure under Regulation 30 & 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"), please find enclosed the copies of the newspaper advertisement, published on Wednesday 17, 2025, in Free Press (English Edition) and Choutha Sansar (Hindi Edition), providing the information of 1st (2025-26) Extra Ordinary General Meeting of the Company that will be held on **Monday, January 12, 2026 at 11:30 A.M.** through Video Conferencing / Other Audio Visual Means and E-voting in compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations and the Secretarial Standards of General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India.

The Notices of 1st EGM of FY 25-26 have already been sent to all the shareholders in accordance with the applicable laws on their registered email addresses on **December 16, 2025**.

Kindly take the above information on record.

Thanking You,

Yours' faithfully,
**For KHAITAN CHEMICALS AND FERTILIZERS LIMITED**

Sejal Maheshwari
Digitally signed by Sejal Maheshwari
Date: 2025.12.17 12:33:56 +05'30'

**Sejal Maheshwari**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No- A64027**

New Delhi Office:
4-B/3 Palm Drive, DLF Farms
Chattarpur Extension
New Delhi - 110074

Regd. Office :
A.B. Road, Village Nimrani,
Dist. - Khargone - 451 660 (M.P.)
Phone : 07285-265448, 265447

## एक नजर

### जामगेट की खाई में गिरा एमटेक स्टूडेंट...बंदरों को बिस्किट खिला रहा था


सुजल कन्नौज

**महेश्वर,(एजेंसी)।** मंडलेश्वर-महू मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जाम गेट पर पैर फिसलने से एमटेक स्टूडेंट खाई में गिर गया। वह बंदरों को बिस्किट खिला रहा था। घटना मंगलवार सुबह करीब 7 बजे की है।

मंडलेश्वर पुलिस टीम करीब 10 बजे सर्चिंग के लिए उतरी। एक घंटे चली सर्चिंग के बाद युवक करीब 500 मीटर नीचे मिला। तब इसकी धड़कन चल रही थी। उसे मंडलेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों उसे मृत घोषित कर दिया। मंडलेश्वर थाने के प्रधान आरक्षक संजय यादव ने बताया कि युवक को नाजुक हालत में कंबल में लपेटकर ऊपर लाया गया था। ऊपर एम्बुलेंस खड़ी थी, जिससे तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया। रेस्क्यू में 6 घंटे लगे। कुक्षी निवासी सुजल कन्नौज (26) अपने तीन दोस्तों विजय मुजाल्दा (25), मंसाराम सोलंकी (27) और लोकेश के साथ थार गाड़ी से जाम गेट घूमने आया था। वे लोग सुबह 4 बजे निकले थे। करीब 6 बजे जाम गेट पहुंचे। दो दोस्त मैगी बनवाकर खा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। सुजल बंदरों को बिस्किट खिला रहा था। चारों दोस्त एक ही गांव पुनर्वास के रहने वाले हैं। इंदौर में रूम किराए से लेकर पढ़ाई करते हैं। सुजल इंदौर के डीएवीवी में बीटेक फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था। उसके परिवार में दो बहनें और बड़ा भाई है।

### तेज रफ्तार कार चाय की गुमटी में घुसी

इंदौर,(नप्र)। इंदौर के रावजी बाजार इलाके में सोमवार रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार कार क्रमांक टढ09-इ ऋ 2917 ने पहले एक पैसेंजर ऑटो को टक्कर मारी और फिर चाय की गुमटी में जा घुसी। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। पुलिस ने यातायात की क्रेन बुलाकर कार निकलवाया और थाने पहुंचाया। पुलिस को आशंका है कि ब्रेक के स्थान पर एक्सीलेटर दबने से हादसा हुआ है। घटना सोनकर धर्मशाला के पास घटी। अनुमान लगाया जा रहा है कि कार जूनी इंदौर की ओर से आई और साइड में खड़े ऑटो में टक्कर मार दी।



### शिक्षा के उत्कर्ष कार्य के लिए सरस्वती ज्ञान मंदिर हुआ सम्मानित

इंदौर,(नप्र)। सरस्वती ज्ञान मंदिर शीतल नगर इंदौर शिक्षा के साथ छात्रों के सर्वांगीय विकास के लिए सदैव तत्पर रहने वाले शिक्षक प्रिया विश्वकर्मा प्रतिभा विश्वकर्मा प्रतीक विश्वकर्मा रीतिका विश्वकर्मा रीना विश्वकर्मा मोनिका विश्वकर्मा,किर ा यादव, शिवानी साहू,अंजली पाल लता, संगीता बादल आदि का सेज यूनिवर्सिटी द्वारा मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर एस के बादल ने बताया विद्यालय हमेशा पेरेंट्स से संपर्क में रहकर पेरेंट्स के सहयोग से निरंतर प्रगति कर रहा है जब विद्यालय और पेरेंट्स दोनों मिलकर छात्र के निरंतर विकास के योजना बनाएंगे और कार्य करेंगे तो विद्यालय सदैव सम्मानित होगा। उदाहर ा के तौर पर विद्यालय हमेशा प्रयास करता है कि हर छात्र को कही कोचिंग नहीं जाना पड़े विद्यालय छुट्टी उपरांत 123 से ऊपर हर छात्र को एक्स्ट्रा निःशुल्क क्लास के माध्यम से हर कमजोरी दूर करने का प्रयास करता है।

### 32.30 लाख उपभोक्ताओं को दी एक रूपए यूनिट बिजली

इंदौर,(नप्र)। मप्र शासन की उच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितर ा कंपनी इंदौर द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन कर प्रत्येक पात्र उपभोक्ता को लाभान्वित कर सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। पिछले एक माह के दौरान 32 लाख 30 हजार उपभोक्ताओं को योजना लाभ देकर कंपनी स्तर पर कुल 153 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है। योजना के अंतर्गत उपभोक्ता को प्रथम सौ यूनिट घरेलू खपत पर मात्र 100 रूपए का बिल जारी किया जाता है, प्रतिमाह 150 यूनिट अधिकतम खपत होने पर योजना की पात्रता रहती है। तीस दिन में 150 यूनिट से ज्यादा खपत होने पर पात्रता नहीं आती।

# 4 बच्चों के साथ निकली महिला 2 के साथ नर्मदा में कूदी

## 5वें दिन मां-बेटे का शव मिला, एक दिन पहले 6 महीने के बेटे का शव मिला था, दो बच्चे जिंदा मिले थे

इंदौर, (नप्र)। खजराना थाना क्षेत्र स्थित कृष्णबाग कॉलोनी से गायब हुई महिला और उसके 6 साल के बेटे का शव मिल गया है। पुलिस सर्चिंग के दौरान दोनों के शव पांचवें दिन खंडवा जिले के मोरटक्का क्षेत्र में नर्मदा नदी से बरामद किए गए।

जानकारी के अनुसार महिला चार बच्चों के साथ घर से निकली थी। इस मामले में सोमवार को 6 माह के एक बच्चे का शव भी नर्मदा नदी से बरामद किया गया था। वहीं रविवार को मोरटक्का पुलिस ने महिला के दो बच्चों को सकुशल दस्तयाब कर लिया था। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

मोरटक्का चौकी प्रभारी लखनलाल डाबर ने बताया कि 11 दिसंबर को कृष्णबाग निवासी प्रियंका पति सुंदरलाल चौरसिया (40) अपने बच्चों आर्यन (6), हिमांशी (2.5), प्रियांश (5) और चीकू (6 माह) के साथ घर से बिना बताए निकली थी। इंदौर पुलिस सभी की तलाश में थी।

### सीसीटीवी में चार बच्चों के साथ दिखी थी

रविवार को राहगीरों ने आर्यन और हिमांशी को मोरटक्का ब्रिज पर देखा। पुलिस ने दोनों बच्चों को सुरक्षित रूप से परिवार के सुपुर्द कर दिया। सोमवार दोपहर एक्वाडक्ट पुल के पास 6 माह के मासूम चीकू का शव मिला। उसे पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंपा गया।

### सूचना मिली तो पहुंची पुलिस

मंगलवार सुबह सूचना मिली कि निमार्णाधीन नेशनल हाईवे के ओवरब्रिज के पास एक महिला और एक बच्चे का शव पड़ा है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर



पहुंची और दोनों शवों की पहचान प्रियंका और आर्यन के रूप में की गई। परिजन इंदौर से मोरटक्का पहुंच गए।

### दो किलोमीटर के दूरी पर मिले शव

पुलिस के अनुसार, सोमवार और मंगलवार के घटनास्थल में लगभग दो किलोमीटर का फासला है। चौकी प्रभारी डाबर ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच जारी है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### 6 माह के बच्चे का शव क्षत-विक्षत मिला था

एक दिन पहले 6 माह के चीकू का शव मिला था। जिसे कि कुत्ते नोंच रहे थे। बच्चे का पैर कुत्ते खा चुके थे। शव क्षत-विक्षत हालत में था। पिता सुंदरलाल ने अपने बेटे चीकू के शव की शिनाख्त की। अब प्रियंका और आर्यन का शव मिलने के बाद आशंका जताई जा रही है कि प्रिंयका ने प्रियांश व चीकू के साथ नदी में छलांग लगाई होगी। जो दो बच्चे दस्तयाब हुए थे, उन्होंने बताया था कि मां ने हमसे लघुशंका का कहकर गई थी। कहा था कि तुम लोग यहीं खड़े रहना। वो अपने साथ चीकू और प्रियांश को ले गई थी।

### पति बोले- मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी

मोरटक्का चौकी पुलिस ने बताया सुंदरलाल फल का ठेला लगाते हैं। पुलिस पूछताछ में सुंदरलाल का कहना है कि प्रियंका से कोई विवाद नहीं हुआ। उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। वहीं, प्रियंका बच्चों को लेकर मोरटक्का स्थित एक होटल में खाना खाती दिखी भी थी। मोरटक्का पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई और रिपोर्ट पर आधारित जांच जारी है।

# पुलिस जनसुनवाई में आम नागरिकगण लेकर आए अपनी समस्याएं

## पुलिस कमिश्नर ने आवेदकों की व्यथा सुन, संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही कर शीघ्र निराकर ा हेतु दिए दिशा निर्देश

**इंदौर,(नप्र)।** पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह द्वारा आज कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई में आमजन की शिकायत एवं समस्याओं को सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दियें।

जनसुनवाई के दौरान आज 66 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए, जिनमे प्रमुख रूप से आपसी विवाद, पारिवारिक विवाद, पैसों के लेनदेन, सुनवाई न होने, प्लाट/ जमीन की धोखाधड़ी संबंधी विवाद, महिला अपराध संबंधी एवं अन्य पुलिस से संबंधित समस्याओं लेकर आमजन आए, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा प्रत्येक आवेदक की व्यथा व समस्याओं



को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही नागरिकों को आश्वस्त किया कि इंदौर पुलिस उनकी सुरक्षा और हितों के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर है। इस दौरान अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) इंदौर अमित सिंह एवं सभी जोन के अन्य अधिकारियों ने भी उपस्थित रहकर पुलिस कमिश्नर २१ के निदेर्शानुसार संबंधित आवेदकों की समस्याओं विस्तार पूर्वक सुन कार्यवाही की गई।

# युवती के साथ पकड़ाया मुस्लिम युवक

## हिंदू जागर ा मंच के कार्यकताओं ने पीटा और पुलिस के हवाले किया, लव जिहाद का आरोप

**इंदौर,(नप्र)।** सरवटे बस स्टैंड स्थित एक होटल में ठहरे जयपुर निवासी युवक को हिंदू जागरण मंच के कार्यकताओं ने मंगलवार को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस युवक के साथ एक हिंदू युवती ठहरी हुई थी। कार्यकताओं ने युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाया है। छोटी ग्वालटोली पुलिस ने युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है।

टीआई संजू कामले के अनुसार सरवटे बस स्टैंड स्थित जैन होटल के कमरे नंबर 101 में जयपुर निवासी याकीन खान और एक हिंदू युवती ठहरे हुए थे। सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के प्रशांत वर्मा, संतोष जाधव सहित अन्य कार्यकर्ता मौके पर



पहुंचे और पूछताछ के बाद युवक को थाने ले आए। उन्होंने बताया कि युवक ने होटल संचालक को सही आईडी दी थी।

**कार्यकताओं ने की पिटाई-** हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता होटल पहुंचे और कमरे का दरवाजा खुलवाया। इस दौरान कार्यकताओं ने युवक से पूछताछ की और मारपीट भी। इसके बाद कार्यकर्ता युवक और युवती को अपने साथ थाने ले गए।

**जानकारी जुटा रही पुलिस-** युवती महाराष्ट्र की बताई जा रही है, जिसे याकीन साथ में लेकर आया था और सरवटे बस स्टैंड पर होटल में कमरा लिया था। पुलिस अब दोनों से पूछताछ कर उनके बारे में विस्तृत जानकारी निकालने की कोशिश कर रही है।

# किसान पर 20 लाख की धोखाधड़ी का केस

## जमीन के बदले रुपए लिए, बाद में रुपए और जमीन दोनों देने से मुकरा

**इंदौर,(नप्र)।** लसूड़िया थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपी ने अपनी बेटी की शादी का हवाला देकर 20 लाख रुपए उधार लिए थे और बदले में जमीन देने का वादा किया था। बाद में खुलासा हुआ कि जिस जमीन का सौदा किया गया, वह आरोपी के नाम दर्ज ही नहीं थी।

पुलिस के मुताबिक, बिज्जू खेड़ी निवासी नीतू मदावाडिया की शिकायत पर पुलिस ने जितेंद्र पुत्र विक्रम सिंह, निवासी बिज्जू खेड़ी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत में बताया गया कि अप्रैल 2024 में जितेंद्र सिंह ने अपनी बेटी की शादी की बात कहकर नीतू से लिखापढ़ी करते हुए 20 लाख रुपए नकद लिए थे। इस दौरान उसकी पत्नी अनिता भी मौजूद थी। दोनों ने वादा किया था कि यदि समय पर रकम नहीं लौटा पाए तो अपनी जमीन नीतू के नाम कर देंगे।

पीड़िता ने 3 से 4 किस्तों में कुल 20 लाख रुपए दिए, जिसके बदले में आधी जमीन का एग्रीमेंट उसे दिया गया। बाद में जानकारी सामने आई कि उक्त जमीन जितेंद्र सिंह के नाम पर दर्ज ही नहीं है, बल्कि उसके पिता विक्रम सिंह के नाम पर है।

जब इस बारे में नीतू ने जितेंद्र से बात की तो उसने कहा कि तीन महीने बाद उसके पिता जमीन उसके नाम कर देंगे और यदि वह तय समय में रुपए नहीं लौटा पाया तो जमीन का पूरा अधिकार नीतू को दे देगा। इसके लिए उसने चार महीने का समय मांगा। हालांकि छह महीने बीत जाने के बाद भी न तो रकम लौटाई गई और न ही जमीन ट्रांसफर की गई।

### क्रिसमस और न्यू ईयर की शुरूआत

**इंदौर।** द पार्क होटल में क्रिसमस ट्री लाइटनिंग इवेंट का आयोजन किया गया। क्रिसमस के इस विशेष कार्यक्रम में प्लम केक और खास क्रिसमस ड्रिंक्स एवं व्यंजन पेश किए गए। द पार्क के एफ एंड बी डायरेक्टर सुदीप कांजीलाल ने कहा इस साल, द पार्क होटल को त्योहारों की सजावट और रोशनी से एक वंडरलैंड में बदल दिया गया था। यह शाम पूरी तरह से द पार्क द्वारा होस्टेड था जहाँ खूबसूरत क्रिसमस ट्री को जगमगाती लाइटों से सजाया गया है।

### कार में ले जाई जा रही थी भारी मात्रा में अवैध शराब

इंदौर। पुलिस थाना अन्नपू ाा पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 19 पेटी अवैध शराब जप्त करने मे सफलता प्राप्त की है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना अन्नपू ाा की टीम द्वारा कल रात्रि में चा ाक्यपुरी चौराहे पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। इस के दौरान चौईथराम तरफ से कार तेजी से आती हुई दिखी जो पुलिस चैकिंग को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा स्टापर लगाकर रोका गया। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाश लेने पर कार की डिग्गी मे 19 पेटी अवैध देशी/अग्रेजी शराब मात्रा 176.28 लीटर व कुल कीमत 108900रु अवैध रूप से पाया गया। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जाकर पी.आर. प्राप्त कर उक्त प्रकार की गतिविधि में कौन-कौन शामिल है का पता कर सभी के विरुध्द वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। आरोपीः - 1. विजय राठौर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम ब्रम्हकुंड जिला धार। जप्त माल का विवर ाः- अवैध शराब 19 पेटी देशी अग्रेजी शराब (कुल 176.28 लीटर) कीमत लगभग 1,08,900/- रुपये / व घटना में प्रयुक्त कार।

# नकली नोट कांड में फरार आरोपी गिरफ्तार

## इंस्ट्राग्राम से किया था नकली नोटों का सौदा, 45 नकली नोट-प्रिंटर और कैमिकल जब्त; गुजरात के तस्कर की तलाश

**इंदौर,(नप्र)।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने सोशल मीडिया के जरिए नकली नोटों का सौदा करने वाले गिरोह के एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 45 नकली नोट, एक प्रिंटर और नोट छापने में उपयोग होने वाला केमिकल बरामद किया गया है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया के नेतृत्व में टीम ने नकली नोट कांड में फरार चल रहे आरोपी अंकित बोरासी निवासी बाणगंगा को पकड़ा है। इससे पहले क्राइम ब्रांच ऋषिकेश टोंडे, वंश केथवास, रितेश नागर और अंकुश यादव को गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ के दौरान इन्हीं आरोपियों ने अंकित बोरासी की भूमिका का खुलासा किया था। क्राइम ब्रांच के मुताबिक अंकित के पास से एक प्रिंटर और 45 नकली नोट बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एक आपराधिक मामला दर्ज हुआ है।

**50 हजार के नकली नोट के बदले 20 हजार की डील-** प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने इंस्टाग्राम के माध्यम से गुजरात के एक युवक से संपर्क बढ़ाया था। बातचीत के दौरान 50 हजार रुपए के नकली नोट देने के बदले 20 हजार रुपए लेने की डील तय हुई थी। गुजरात के युवक ने आरोपियों को नकली नोट छापने का तरीका और उसमें इस्तेमाल होने वाले केमिकल की जानकारी भी दी थी।

**दो लाख के नकली नोट मंगवाए थे-** पुलिस के अनुसार आरोपियों ने करीब 2 लाख रुपए के नकली नोट मंगवाए थे, जिनकी डिलीवरी झाबुआ के पास दी गई थी। इसके बाद आरोपी अपने अन्य साथियों से संपर्क कर इन नोटों को बाजार में खपाने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान क्राइम ब्रांच को इसकी भनक लग गई और कार्रवाई करते हुए पूरे गिरोह को पकड़ लिया गया।

**गुजरात के युवक की तलाश-** नकली नोट गुजरात के युवक के माध्यम से इंदौर आए थे। क्राइम ब्रांच पकड़े गए आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है और उनकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों को तलाश रही है। पुलिस गुजरात के युवक तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। उसके पकड़ाने पर पूरा मामला खुलने की उम्मीद है।

**ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया आरोपी-** एक अन्य मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच ने ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी का नाम राकेश पटेल निवासी राजनगर है। वह पूर्व में पकड़ाए आरोपी नितेश मेहरा का साथी है। उससे पूछताछ में ही राकेश के बारे में जानकारी मिली थी कि वह ब्राउन शुगर का काम करता है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में नाम वेदिका उर्फ माही पिता मनीष वर्मा लिखा गया है, जिसे बदलकर वेदिका पिता मनीष कुमार वर्मा कर लिया है। अतः भविष्य में वेदिका पिता मनीष कुमार वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये।वेदिका पिता मनीष कुमार वर्मापता - 17, मिठाराम सेठी नगर , रामेश्वर वार्ड खंडवा

**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक INDAL1220250014 :: विज्ञप्ति :: दिनांक/09/DEC/2025

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम-धनखेड़ी, तहसील- सांवेर, जिला-इंदौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

| अ. क्रं. | कॉलोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिए विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | भूमिस्वामी श्री अर्जुनसिंह राजपूत पिता श्री देवीसिंह राजपूत तर्फे विकासकर्ता मेसर्स शांति इंफ्राटेक तर्फे पार्टनर 1- श्री शैलेन्द्र सिंह गौड़ पिता श्री उमराव सिंह गौड़, 2- श्री लोकेश वाधवानी पिता श्री विनोद वाधवानी पताः- 305, पी.आर.के. मेप्पल, ए.बी. रोड राऊ, इन्दौर, म.प्र. कालोनी का नाम "ARJUN ENCLAVE" | ग्राम धनखेड़ी तहसील सांवेर जिला इन्दौर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 3/1/2 रकबा 3.416 हे. में से 1.708 हेक्टेयर (17080 वर्गमीटर) पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक एमपी7 आईजीआर17512025ए100963 501 इंदौर दिनांक 28.10.2025 से भूखण्ड क्रं. 13 से 26, 46, 47, 67 से 71, 73 से 76, 89, 90, 110 से 118 इस प्रकार कुल 36 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 2726.52 वर्गमीटर भूमि है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 36 भूखण्ड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नही किया जावेगा।

(सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत) **अपर कलेक्टर, जिला इन्दौर**

**:: कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभाग पंधाना ::**

इश्तहार
क्रमांक/क/वाचक/2025/1214
राजस्व प्रकरण क्र०:- 06/अ- 5/2025-26
पंधाना दिनांक 11/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है अपीलार्थी कडवा पिता छज्जु निवासी ग्राम जामठी के द्वारा अपने अभिभाषक श्री अंतिम उपाध्याय के माध्यम से प्रतिअपीलार्थीगण क्रमांक 1) शंकर ,जगन पिता रामकरण 2) बद्री पिता बालमुकुंद 3) नत्थु, छोगाराम पिता दशरथ 4) गुलाबचंद, नाना, नारायण, बाबू, कैलाश पिता लक्ष्मण 5) सुभाष , नांरगीबाई, गीताबाई, नानीबाई, सुमनबाई, अनारबाई पिता रामलाल सभी निवासी ग्राम पंधाना के विरुद्ध म०प्र०भू०रा०सं० 1959 की धारा 75 के आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बोरगॉव बुजुर्ग स्थित भूमिं खसरा क्रमांक 394/1 रकबा 4.08 के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है ।तत्संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण 06/अ- 5/2025-26 कायम किया जाकर सुनवाई प्रचलित है।अतः ग्राम ग्राम बोरगॉव बुजुर्ग स्थित भूमिं खसरा क्रमांक 394/1 रकबा 4. 08 हे० के सम्पत्ति से कोई व्यक्ति यदि हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन होने के 15 दिन के भीतर लिखित विवरण दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकता है और वह स्वयं अथवा अधिवक्ता/अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित हो सकता है। समयावधि के समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं कियादीक्षा भगोरे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग, पंधाना पंधाना दिनांक 11/12/2025

**जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, इंदौर**
औद्योगिक संस्थान पोलोग्राउण्ड, इंदौर-452015
**सार्वजनिक सूचना**
**मेसर्स न्यू लैब्स (NULABS), शेड क्रमांक बी-12/बी, औद्योगिक संस्थान पोलोग्राउण्ड, इंदौर के संबंध में**

इस कार्यालय के द्वारा मेसर्स न्यू लैब्स (NULABS) को औद्योगिक संस्थान पोलोग्राउण्ड, इंदौर में शेड क्रमांक बी-12/बी की तलभूमि, कुल क्षेत्रफल 3000 वर्गफीट आवंटित है । इस इकाई में इस कार्यालय के रिकार्ड अनुसार श्रीमती सुलोचना पति श्री रमेशचंद्र शाह एवं श्री मोहनपाल नैयर पिता श्री अमरनाथ नैयर भागीदार रहे हैं। मेसर्स न्यू लैब्स की ओर से श्री केतन शाह पिता श्री रमेशचन्द्र शाह एवं श्री संदीप शाह पिता श्री रमेश शाह के द्वारा मूल भागीदार श्रीमती सुलोचना शाह का मृत्यु प्रमाण-पत्र (मृत्यु दिनांक 11/04/2012) एवं संशोधित भागीदारी लेख प्रस्तुत कर उन्हें भागीदार मान्य करने एवं लीज अवधि नवीनीकरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त आवेदक गणों के द्वारा मूल भागीदार श्रीमती सुलोचना शाह की पुत्री श्रीमती नियति शाह का शपथ-पत्र, दिनांक 04/11/2025 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें शपथगृहीता द्वारा आवेदकगणों (सगे भाइयों) को भागीदार मान्य करने के संबंध में अनापति दी गई है। अन्य भागीदार श्री मोहनपाल नैयर के संबंध में आवेदकगणों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उनसे आवेदकगणों का कई वर्षों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में आवेदकगणों की ओर से श्री अनिल गणेश कैथवास, एडवोकेट के द्वारा जाहिर सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र "चौथा संसार" एवं "इन्दौर समाचार" में दिनांक 26/09/2025 को कराया गया था। इस संबंध में श्री अनिल गणेश कैथवास, एडवोकेट के द्वारा प्रमाणपत्र दिनांक 06/10/2025 जारी किया गया है कि इस संबंध में वित्तीय संस्थान या अन्य के द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्ति उनके समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई है। इकाई के भागीदार श्री मोहनपाल नैयर को उपरोक्त भागीदारी परिवर्तन के संबंध में उनकी सहमति/आपत्ति से अवगत कराने हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी सूचना पत्र क्रमांक इंजिव्याउके / अधोविक/2025/4230, दिनांक 26/11/2025 पंजीकृत डाक से प्रेषित किया गया था, जो कि डाक विभाग से अवितरित होने से वापस प्राप्त हो गया है। यदि उपरोक्त आवेदकगणों को उक्त इकाई का भागीदार मान्य करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय/अशासकीय संस्था/विभाग को कोई भी आपत्ति हो अथवा हित सम्बद्ध हो तो, इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष लिखित प्रमाण सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। महाप्रबंधक,
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, इंदौर

**खेतान केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड**
सी.आई.एन.: L24219MP1982PLC004937
पंजीकृत कार्यालय : ए.बी. रोड, ग्राम निमरानी, तहसील कसरावद, जिला खरगोन-451569 (म.प्र.) फोन: 0731-4753666
ई-मेल: secretarial@kcfl.in, वेबसाइट: www.kcfl.co.in

**FY 2025-26 की पहली असाधारण आम बैठक का नोटिस और असाधारण आम बैठक के लिए ई-वोटिंग की जानकारी**

**सूचित किया जाता है कि:**

1. कंपनी के सदस्यों की **FY 2025-26 की पहली असाधारण आम बैठक (EGM) सोमवार, 12 जनवरी, 2026 को सुबह 11:30 बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (V.C.) सुविधा/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (O.A.V.M.) के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि EGM के नोटिस में बताए गए विशेष कार्यों पर चर्चा की जा सके।
   कंपनी ने **मंगलवार, 16 दिसंबर, 2025** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को EGM की सूचना और स्पष्टीकरण विवरण भेजे हैं जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के पास कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सर्कुलर, जिनकी तारीख 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020 और इस संबंध में जारी किए गए बाद के सर्कुलर, नवीनतम 28 दिसंबर, 2022, 25 सितंबर, 2023 और 19 सितंबर, 2024 और 22 सितंबर, 2025 हैं (सामूहिक रूप से 'MCA सर्कुलर' के रूप में संदर्भित) के अनुसार पंजीकृत हैं।
2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, समय-समय पर संशोधित और SEBI (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुपालन में, जिन सदस्यों का नाम **सोमवार, 5 जनवरी, 2026 (कट-ऑफ तिथि)** को व्यावसायिक घंटों के अंत में दिखाई देता है, वे सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) के रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से EGM की सूचना में बताए गए विशेष कार्यों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:
   i. रिमोट ई-वोटिंग शुक्रवार, **9 जनवरी, 2026 को सुबह 9:00 बजे शुरू होगी और रविवार, 11 जनवरी, 2026 को शाम 5:00 बजे IST** पर समाप्त होगी; इस अवधि के दौरान कंपनी के शेयरधारक जिनके पास कट-ऑफ तारीख तक शेयर फिजिकल या डीमटेरियलाइज्ड रूप में हैं, वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। **रविवार, 11 जनवरी, 2026 को शाम 5:00 बजे** के बाद ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
   ii. जो सदस्य VC/OAVM के माध्यम से मीटिंग में मौजूद रहेंगे और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और जिन्हें ऐसा करने से रोका नहीं गया है, वे EGM के दौरान रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट देने के योग्य होंगे।
   iii. एक बार जब सदस्य प्रस्ताव पर वोट डाल देगा, तो सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं होगी।
   vi. ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीके के लिए, सदस्य EGM के नोटिस में दिए गए निर्देशों को देख सकते हैं और किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ's) और रिमोट ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं जो वेबसाइट: **www.cdslindia.com** के 'डाउनलोड' अनुभाग में उपलब्ध है या CDSL से ईमेल: **helpdesk.evoting@cdslindia.com** द्वारा संपर्क कर सकते हैं। सदस्य कंपनी सेक्रेटरी को ईमेल आईडी: **secretarial@kcfl.in** पर या रजिस्टर्ड ऑफिस के पते पर भी लिख सकते हैं।
3. कोई भी व्यक्ति जो इलेक्ट्रॉनिक तरीके से EGM का नोटिस भेजे जाने के बाद लेकिन **सोमवार, 5 जनवरी, 2026** की कट-ऑफ तारीख से पहले कंपनी के शेयर खरीदता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है, और जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, वह कंपनी की वेबसाइट या CDSL की वेबसाइट पर EGM का नोटिस देख सकता है और CDSL की ईमेल आईडी: **helpdesk.evoting@cdslindia.com** या कंपनी की ईमेल आईडी: **secretarial@kcfl.in** पर अनुरोध भेजकर ई-वोटिंग के लिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही रिमोट ई-वोटिंग के लिए NSDL के साथ रजिस्टर्ड है, तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।

बोर्ड के आदेश से
**खेतान केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड** के लिए
Sd/-
**सेजल माहेश्वरी**
कंपनी सेक्रेटरी और कंप्लायंस ऑफिसर

स्थान: **इंदौर**
दिनांक: **17 दिसंबर, 2025**

